BULANDSHAHR POLICE

दिनांक – 17 जनवरी, 2025 **थाना सिकन्द्राबाद**

01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटा गया मोबाइल (आईफोन 11) व 5,000/- रुपये नकद बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17.01.2025 को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर एक शातिर अभियुक्त को लूटे गये मोबाइल व नकदी सहित गिऱफ्तार किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. मंगल पुत्र नरेन्द्र उर्फ लाला निवासी ग्राम जौली थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी का विवरणः-

1. 01 मोबाइल (आईफोन 11) (लूट का)
2. 5,000/- रुपये नकद (लूट के)
3. 01 प्लेटिना बाइक बिना नम्बर (घटना में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दिनांक 15.01.2024 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत कृष्णा हरे राम स्कूल के पास एक व्यक्ति से 01 मोबाइल फोन व रुपये लूटने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना सिकन्दराबाद पर मुअसं- 51/25 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर इस अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी हैं।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री रविरतन सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. उ0नि0 विपुल कुमार, उ0नि0 रविन्द्र सिंह यादव
3. है0का0 भूपेन्द्र कुन्डु, है0का0 कुलदीप अहलावत

मीडिया सेल, बुलंदशहर